वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 42 | शनिवार 10 जून 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## सुनील और मलायका ने दिए नेशनल डायनामिक अवॉर्ड

### एक्टर सुनील शेट्टी बोले- बॉर्डर मेरी सबसे बेस्ट फिल्म, भैंरो सिंह के किरदार ने मुझे सबसे अलग बनाया



**जयपुर. कासं**

अजमेर रोड स्थित द पैलेस होटल में जयपुर की शाम ग्लैमर की रोशनी से चकाचैंध रही। बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी और ग्लैमर क्वीन मलाइका अरोडा जैसी हस्तियों की मौजूदगी में माइंड ब्लोइंग फिल्म प्रमोशन्स की ओर से लोकप्रिय फैशन शो एवं ब्यूटी पेजेंट प्रोग्राम मिस एंड मिसेज एल्यूरिंग ब्यूटी ऑफ राजस्थान व नेशनल डायनॉमिक अवॉर्डस सीजन - 2 का आयोजन किया गया। सुनील शेट्टी ने कहा कि जयपुर बहुत अच्छी जगह हैं और यहां का खाना बहुत अच्छा है। राजस्थान से मेरा खास लगाव रहा है। मेरा कॅरियर राजस्थान ने आगे बढ़ाया है, जयपुर, बीकानेर, जैसलमेर और जोधपुर मेरी फिल्मों की खास लोकेशन रहे है। मेरी सबसे पसंदीदा फिल्मों की बात की जाए तो उसमें बॉर्डर सबसे पहले नम्बर पर आती है। मैंने इसमें भैंरो सिंह का किरदार निभाया था, इस किरदार ने मुझे और भी खास बना दिया। आज भी लोग मुझे इस किरदार से अपना मानते है और राजस्थान वाले तो इस किरदार की वजह से मुझे अपना परिवार का सदस्य मानते है। इस फिल्म ने मुझमें देशप्रेम के भाव को दोगुना किया था । उन्होंने आगे कहा कि ओटीटी पर अच्छा टैलेंट आ रहा है। यह बहुत अच्छा समय है और टैलेंट के हिसाब से यह समय ऐसा ही बना रहे। हमारी फिल्मों में जरूर ऊपर-नीचे होता रहता है, लेकिन अब बहुत कुछ बदलाव के साथ नए अदांज में प्रस्तुत हो रहा है। यह रीजनल लेवल पर भी बेहतरीन समय है, राजस्थान ही नहीं मराठी, बंगाली, गुजराती जैसी रीजनल फिल्म इंडस्ट्री में बेहतरी के साथ कार्य हो रहा है। इस मौके पर मलाइका ने कहा कि मैं भी यहां आकर गुलाबी हो गई हूं। फैंस की ओर से जो भी प्यार मिलता है वही हमारी ताकत होता है। ग्लैमर और फैशन से भरपूर इस कार्यक्रम में जाने-माने बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी, बॉलीवुड की ग्लैमर क्वीन मलाइका अरोडा के साथ ही एक्टर विशाल कोटियान, फिल्म डायरेक्टर अमन प्रजापत और एक्टर योगीराज ने शिरकत की। ग्लैमरस ब्यूटी पेजेंट में प्रदेशभर की खूबसूरत मॉडल्स ने हिस्सा लिया और लेटेस्ट फैशन वियर में अपनी खूबसूरती का प्रदर्शन किया। साथ ही जजेज के सवालों के बेहद चतुराई से जवाब भी दिए। शो के मुख्य अतिथि राज खान, जगदीश चन्द्रा, व्यवसायी और समाजसेवी जे.डी. माहेश्वरी, पवन गोयल, जुगल अग्रवाल रहे।



## गर्मी का अहसास


### जून में पहली बार 40 डिग्री पर पारा, उमस; चिलचिलाती धूप से बढ़ी गर्मी

**जयपुर. कासं।** गर्मी के 3 माह में दूसरी बार इस सीजन में गर्मी का अहसास होने लगा है। हालांकि आंधी, बारिश का दौर जारी है। राजधानी में गुरुवार देर रात तेज हवा के साथ बारिश हुई। बारिश का असर तापमान पर नहीं हुआ, बल्कि गर्मी बढ़ गई। शुक्रवार को जून में पहली बार अधिकतम पारा 40.0 डिग्री तक पहुंच गया।

### 24 घंटे में मेघगर्जन के साथ बारिश का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार 24 घंटे मेघगर्जन के साथ बारिश का अनुमान है। 13 जून का तापमान 40 डिग्री से रहने के साथ बादल छाए रहेंगे। 14-15 जून को दोपहर बाद तेज हवा चलने की संभावना है। गुरुवार रात 1.8 मिमी बारिश होने के बाद सुबह आर्द्रता 20 फीसदी तक बढ़ गई। शुक्रवार सुबह वातावरण में 51 फीसदी नमी रही। वहीं रात का पारा 26.4 डिग्री दर्ज हुआ, जोकि सामान्य से 2.6 डिग्री कम रहा। शुक्रवार को रात में भी गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया।





परम पूज्य वात्सल्य रत्नाकर
आचार्य श्री 108 विमलसागर जी मुनिराज के
अन्तिम दीक्षित शिष्य

# पूज्य उपाध्याय श्री 108 ऊर्जयन्त सागर जी मुनिराज

का

## सी-स्कीम, जयपुर
## की पुण्य धरा पर



# भव्य मंगल प्रवेश

## रविवार
## दिनांक 11 जून, 2023

उपाध्याय प्रातः 7.15 बजे श्री चितरंजन मार्ग, सी स्कीम, जयपुर से
भव्य जुलूस के साथ जी-16, कृष्णा मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर में प्रवेश करेंगे।

**विशेष....दिनांक 11-12 जून, 2023**
प्रवास एवं आहार चर्या: जी-16, कृष्णा मार्ग,
सी-स्कीम, जयपुर नगर रहेगी।

आप सादर आमंत्रित हैं।

: निवेदक :

श्रीमती रेणु राणा (धर्मपत्नी स्व. श्री गणेश कुमार राणा)
परिवारजन्

निवेदक : सकल दिगम्बर जैन समाज, सी-स्कीम, जयपुर
98292 00003

# मोक्ष कल्याण का लड्डू चढ़ाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दि० जैन मन्दिर संघीजी महावीर पार्क मनिहारो का रास्ता में जैन दर्शन के 13वें धर्म प्रवर्तक श्री 1008 विमलनाथ भगवान तीर्थंकर देव का आषाढ़ कृष्णा षष्टमी को मोक्ष कल्याणक दिवस उत्साह और उल्लास के साथ भगवान जिनेंद्र की पूजा करते हुए श्रावक श्राविकाओं ने निर्वाण कल्याणक का लाडू अर्पण किया। रमेश गंगवाल ने बताया कि प्रभु आज के ही दिन इस अंतिम ध्येय को प्राप्त करके लोकाग्रवासी हुए। उनके श्री चरणों में नमन। भगवान श्री 1008 विमलनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक की जय हो।

# नवोदित कलाकारों ने कैनवास पर कैमल एचडी एक्रेलिक रंगों से रचा सपनों का संसार



## सूचना केंद्र पर हुआ कार्यक्रम

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

भारतीय कलाकारों के सपनों को बरसों से साकार और रंगीला बना रही देश की विश्वसनीय केमलिन ब्रांड ने लेकसिटी में लगातार दूसरे दिन भी आमजन सहित कलाकारों संग एचडी गुणवत्ता वाले एक्रेलिक कलर की हसीन महफिल सजाई। केमलिन कंपनी के रीजनल प्रमोशन मैनेजर (फाइन आर्ट) कमल सेठ ने बताया कि चेटक स्थित सूचना केंद्र के प्रथम तल पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक शाम पांच बजे कुछ वरिष्ठ और बीसियों नवोदित कलाकार एकत्र हुए। जहां सभी ने मिलकर सबसे पहले कैमल आर्टिस्ट एचडी एक्रेलिक कलर की नई फोर सीरिज की खूबियों को जाना और फिर देखते ही देखते कोरे कैनवास पर मनपसंद रंगों से सपनों की खूबसूरत तस्वीर सजा दी। इस खास मौके पर कश्ती फाउंडेशन संस्थापिका और कलाप्रेमी श्रद्धा मुर्डिया भी खास अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि संचार प्रौद्योगिकी और प्रतिस्पर्धा के इस युग में कला व कलाकारों को संबल देना बेहद जरूरी है। इस प्रकार की कला-कार्यशालाएं कोविड काल के बाद कलाकारों के लिए संजीवनी बनी हुई है। शहर के कैमल आर्ट मैटीरियल डीलर कपूर ट्रेडर्स से आए प्रवीण कपूर ने बताया कि शहर के सभी चित्रकारों का केमलिन ब्रांड के साथ एक खास इमोशन कुछ इस कदर जुड़ा है कि वे सभी इससे परे कुछ और सोचते तक नहीं हैं। नई रंग श्रृंखला के ट्रायल/टेस्टिंग अवसर पर सूचना केंद्र के संयुक्त निदेशक कमलेश शर्मा ने भी रंग ब्रश कैनवास के माध्यम से अपनी कल्पना की उड़ान भरी। उनके साथ डॉ. निर्मल यादव, डॉ. चित्रसेन, प्रो.कहानी भानावत, नीलोफर मुनीर, आर्किटेक्ट सुनील लड्ढा, अहमदाबाद के कलाकार उमेश रावल, दुबई की आर्टिस्ट विनीता जैन, शिल्पकार हेमंत जोशी आदि कलाकारों ने भी भागीदारी निभाई।

रिपोर्ट/फोटो: राकेश शर्मा 'राजदीप'


DR. FIXIT®
WATERPROOFING EXPERT

RAJENDRA JAIN
8003614691

जापानी टेक्नोलॉजी से छत को रखे वाटरप्रूफ, हीटप्रूफ, वेदरप्रूफ पाये सीलन, लीकेज एवं गर्मी से राहत व बिजली के बिल में भारी बचत करे

FOR YOUR NEW & OLD CONSTRUCTION



छत व दीवारों का बिना तोडफोड के सीलन का निवारण

DOLPHIN WATERPROOFING
आधुनिक तकनीक सुरक्षित निर्माण
116/183. Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur-302020
E mail : rajendrajain5533@gmail.com




## उठावना

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्रीमान् ललित कुमार जी पहाड़िया पुत्र स्वर्गीय श्री मेघराज जी पहाड़िया लाडनू निवासी का **स्वर्गवास दिनांक 08.06.2023** को गुवाहाटी असम में हो गया, जिसका **उठावना दिनांक 11.06.2023 रविवार प्रातः 9:00 बजे** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर श्याम नगर में रखा गया है

:: शोकाकुल ::

इंद्रा (भाभी), सुनील आरती, विशाल निशा, (भतीजा बहू) एवं समस्त पहाड़िया परिवार

मोबाईल नं : +94140 49220, 90572 45836

## वेद ज्ञान

### सच्ची सेवा

सेवा मानव हृदय के भीतर उत्पन्न होने वाला मिशनरी भाव है। सेवा का उद्देश्य पाना नहीं, बल्कि प्राण पण से अपने आराध्य या फिर अभीष्ट को समर्पित करना है। इसका पारितोषिक, भौतिक नहीं, बल्कि अभौतिक व अनुभूतिपरक होता है। शाश्वत आनंद प्रदान करने वाला परम तत्व अनमोल है। शाश्वत खुशी देने वाले हृदयकोश में परम तत्व की अनुभूति होती है। सच तो यह है कि आनंद की प्राप्ति का स्थान संसार का कोई भी भौतिक सुख या उपलब्धि नहीं ले सकती। नौकरी भी किन्हीं अर्थों में सेवा की ही अनुगामिनी या सहचर है, किंतु इससे मिलने वाला पारितोषिक भौतिक रूप में उपस्थित होकर क्षणिक सुख की सृष्टि रचता है और दूसरे ही क्षण इसकी प्राप्ति अथवा लब्धि से अतृप्ति, असंतोष, निराशा, घृणा, पश्चाताप, चंचलता, अरुचि और अन्यान्य नकारात्मक भाव पैदा होने लग जाते हैं। नौकरी भौतिक उन्नति या प्राप्ति की प्रत्याशा से किया जाने वाला कार्य है जिसमें समर्पण, अपनत्व, श्रद्धा व सेवा से कहीं अधिक स्वार्थपरायणता, भौतिक प्राप्ति की उत्कंठा या जिज्ञासा समाहित रहती है। नौकरी से मिले पारितोषिक से जीवन की खुशी का ग्राफ ऊपर-नीचे होकर मन को उसी अनुपात में उद्वेलित होता है। भौतिकता केंद्रित नौकरी संसार रूपी भवसागर में गोते खाने के लिए बाध्य करती रहती है, जबकि स्वार्थरहित सेवा अलौकिक आनंद के लोक का मार्ग प्रशस्त करती है। सेवा ईश्वर का स्थायी सानिध्य पाने का आनंददायी मार्ग है और नौकरी स्वयं की दुर्लभ प्रतिभा को भौतिक स्वार्थों तक ही सीमित रखती है। सच्ची सेवा स्वयं के इस भौतिक अभिनय के बंधनों को काटकर ईश्वर के साथ तादात्म्य स्थापित करने का एक स्थाई प्रमाण पत्र है। आइए निश्चय करें कि शाश्वत व वास्तविक आनंद का मार्ग नौकरी है या आनंददायी सेवा? मैं इस संदर्भ में यह बात कहना चाहूंगा कि किसी संस्थान या प्रतिष्ठान में नौकरी करने का सांसारिक व भौतिक पहलुओं के मद्देनजर अपना महत्व है। रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य संरक्षण के संदर्भ में धन की जरूरत होती है। इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन मौजूदा संदर्भ में सेवा के महत्व और उससे मिलने वाले संतोष को रेखांकित करने के लिए निस्वार्थ सेवा की तुलना में नौकरी को वरीयता कम दी गई है।

## संपादकीय

# युद्ध से उपजी त्रासदी का दीर्घकालिक प्रभाव

यह सही है कि विश्व स्तर पर होने वाली राजनीतिक उथल-पुथल, युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं का असर समूची दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है और यह कोई अचानक पैदा हुई स्थिति नहीं है। लेकिन पिछले कुछ साल इस लिहाज से ज्यादा संवेदनशील रहे हैं कि कई स्तर पर पैदा हुई अस्थिरता ने अमूमन सभी देशों की आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर डाला और स्वाभाविक ही वैश्विक स्तर पर होने वाले आकलनों में इसे लेकर चिंता उभरी। इसी सिलसिले में विश्व बैंक ने जिस तरह वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में गिरावट आने की आशंका जताई है, अगर वह उसी अनुपात में सचमुच हुआ, तो पहले से ही बहुस्तरीय संकटों का सामना करने वाले देशों के लिए कई चुनौतियां खड़ी होंगी। इसे लेकर जिस तरह के आकलन सामने आए हैं, उसमें खुद धनी और विकसित देश भी इसकी चपेट में आ सकते हैं लेकिन बुनियादी ढांचे में वैकल्पिक व्यवस्थाओं के बूते कुछ देश तात्कालिक तौर पर



तो इसका सामना कर भी ले सकते हैं, लेकिन उनके लिए भी शायद बड़े झटकों को सहना मुश्किल ही होगा। असली संकट वैसे देशों के सामने आ सकता है, जो पहले ही कई स्तर पर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसके बरक्स कुछ गरीब या विकासशील देश तो अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए भी ताकतवर और धनी देशों पर निर्भर हैं। दरअसल, पिछले तीन-चार सालों के दौरान देशों को बुरी तरह प्रभावित करने वाले जैसे हालात पैदा हुए, उसका असर स्वाभाविक ही था। पहले महामारी के असर से उपजी त्रासदी और उसका दीर्घकालिक प्रभाव। इसके बाद पूर्णबंदी और उसकी वजह से दुनिया भर में अर्थतंत्र का एक तरह से ढह जाना। फिर जब कोरोना का जोर थमा और तमाम देश इससे उबरने की कोशिश में थे कि इसी बीच रूस और यूक्रेन में युद्ध शुरू हो गया। जाहिर है, इस सबके बीच आर्थिक गतिविधियां जिस प्रतिकूल हालात का सामना कर रही हैं, उसका मिलाजुला असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ना ही है। फिर अभाव से जूझते देशों और उनके नागरिकों की निजी आर्थिक मुश्किलें भी बढ़ती रहीं, मगर इसके समांतर परिस्थितियों का हवाला देकर बैंकों की ओर से ब्याज दरें भी ऊंची रखी गईं। विश्व बैंक दरअसल दुनिया के एक सौ नवासी देशों में गरीबी उन्मूलन की नीतियों पर काम कर रहा है। उसने अपने ताजा आकलन में कहा है कि वर्ष 2023 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2.1 फीसद रहेगी, जबकि पिछले साल यह 3.1 फीसद रही थी। यानी महामारी और पूर्णबंदी के उथल-पुथल के दौर में भी विश्व की अर्थव्यवस्था में वृद्धि दर मौजूदा दौर से बेहतर स्थिति में थी। यह छिपा नहीं है कि कोरोना महामारी की घोषणा के बाद दुनिया के लगभग सभी देशों में उसके संक्रमण से बचाव के लिए जिस तरह की पाबंदियां लगाई गईं, उसका सीधा असर वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर पड़ा। उस दौरान लगे झटकों से बहुत सारे वैसे क्षेत्र अब भी नहीं उबर पाए हैं, जो किसी देश की आर्थिक रीढ़ हुआ करते थे। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# अलगाववाद


बहुत जतन और लंबे जद्दोजहद के बाद देश के कुछ हिस्सों में अलगगावादी तत्वों पर काबू पाया जा सका था और इस तरह के कथित आंदोलनों में लगे लोगों या समूहों को या तो निष्क्रिय किया गया या फिर दरकिनार किया गया। खासतौर पर पंजाब के बाद जम्मू-कश्मीर में इस मामले में काफी हद तक कामयाबी मिली। इस दौरान जब आम लोगों को ऐसे समूहों की गतिविधियों की हकीकत और अंजाम का पता चला तो उन्होंने भी नए सिरे से उनके बारे सोचना शुरू किया और शांति और सद्भाव को प्राथमिकता देने लगे। जनता की भावुकता का फायदा उठा कर शुरू किए गए इस तरह के आंदोलनों का हल अलगाववाद में नहीं, बल्कि सद्भावपूर्ण माहौल में देश की एकता को सुनिश्चित करने से ही संभव है। लेकिन कई सालों के अंतराल के बाद अब एक बार फिर ऐसा लगने लगा है कि देश में एक बहुत छोटे समूह के रूप में ही सही, कुछ अलगाववादी तत्त्वों ने सिर उठाना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि पंजाब में ह्यआपरेशन ब्लूस्टारह्ण के उनतालीस साल पूरे होने पर मंगलवार को कट्टरपंथी सिख संगठनों के कुछ सदस्यों ने स्वर्ण मंदिर परिसर में खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। उनके हाथ में भिंडरावाले की तस्वीरों वाली तख्तियां भी देखी गईं। सही है कि स्वर्ण मंदिर में ऐसे प्रदर्शन को नियंत्रित रखने के लिए वहां सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था और उस कार्यक्रम में आम लोगों की कोई बड़ी भागीदारी नहीं हुई। इसके बावजूद यह नहीं कहा जा सकता कि आने वाले वक्त में खालिस्तान के नाम पर चलाए जाने वाले अभियान का असर आम लोगों पर नहीं पड़ेगा। कोई भी राजनीतिक गतिविधि अगर अपनी निरंतरता में चलती रहती है तो धीरे-धीरे साधारण और मासूम लोग उस विचार के असर में आने ही लगते हैं। इस लिहाज देखें तो स्वर्ण मंदिर परिसर में खालिस्तान के पक्ष में जिस तरह के नारे लगाए गए, अगर उन्हें वक्त पर रोका नहीं गया तो उनकी हरकतों का दायरा फैल भी सकता है। यह छिपा नहीं है कि एक समय पंजाब में खालिस्तान की मांग के सवाल पर उभरे आंदोलन के बाद देश और खुद पंजाब को उससे छुटकारा पाने के लिए कितनी त्रासद कीमत चुकानी पड़ी थी। इसलिए खालिस्तान के मुद्दे को हवा देते हुए ऐसे सार्वजनिक प्रदर्शन को लेकर सरकार को समय पर सचेत हो जाना चाहिए। एक समय पृथक खालिस्तान के मुद्दे पर ही पंजाब ने अलगाववादी आंदोलन में व्यापक हिंसा, अराजकता और आतंक का दौर देखा है। उसमें सरकार के सामने संप्रभुता का खयाल रखने की चुनौती थी, तो इसी आधार पर हुई कार्रवाई के दौरान उस आंदोलन की वजह से पंजाब के लोगों को व्यापक त्रासदी का सामना करना पड़ा था। 'आपरेशन ब्लू स्टार' उस समय खालिस्तान आंदोलन से निपटने का चरम था, जिसके बाद कई बेहद दुखद घटनाओं का गवाह समूचे देश को बनना पड़ा। बहुत मुश्किल से अलगाववाद की हवा को काबू में किया गया था और पंजाब के लोगों को फिर से सामान्य जीवनयापन के लिए बहुत जतन करना पड़ा। अब जब वहां के आम लोग भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय हिस्सेदार हो चुके हैं, तब ऐसे में दोबारा खालिस्तान का स्वर उठना चिंता की बात है। सरकार को इस पर नजर रखने की जरूरत है कि खालिस्तान के लिए हो रही सुगबुगाहट के पीछे कहीं कोई बाहरी हाथ तो नहीं है। वक्त का तकाजा है कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से हर स्तर पर कार्रवाई के साथ-साथ आम जनता के हक में और उन्हें अपना लगने वाले कदम उठाए जाएं, ताकि खालिस्तान के सवाल को जोर पकड़ने से पहले ही खत्म किया जा सके।

## आचार्य श्री वर्धमान सागर महाराज ने कहा...

# वर्तमान की साधु परंपरा चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर महाराज की देन एवं उपलब्धि है

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री वर्धमान सागर महाराज उदयपुर के संतोष नगर में संघ सहित विराजित है प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर महाराज के 151 वे अवतरण वर्ष पर प्रवचन सभा गुणानुवाद में बताया कि 1008 श्री वासुपूज्य भगवान के गर्भ कल्याणक दिवस पर श्री सातगौड़ा जी का सन 1872 में जन्म हुआ। उन्होंने कहा जिस प्रकार एक उद्योगपति व्यापार में भौतिक साधनों का संचय करता है,उसी प्रकार आचार्य श्री शांति सागर जी भी आध्यात्मिक उद्यमी बन कर जीवन गृहस्थ अवस्था से मुनि अवस्था तक विषय भोगों के प्रति अनासक्त रह कर आत्मा की उन्नति का उद्यम किया। वर्तमान की साधु परंपरा आपकी देन उपलब्धि है ब्रह्मचारी गजू भैया राजेश पंचोलिया के अनुसार आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने कृतज्ञता भाव से गुरु का स्मरण कर अनेक प्रसंग में बताया कि गृहस्थ अवस्था में आपने 18 वर्ष में बिस्तर का त्याग कर आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत लिया 32 वर्ष की उम्र में घी और तेल का आजीवन त्याग तथा एक समय भोजन का नियम लिया।माता पिता की समाधि के बाद आपने 43 वर्ष की उम्र मे सन 1915 में क्षुल्लक तथा सन 1920 में मुनि दीक्षा ली। आपको सन1924 में आचार्य पद से अलंकृत किया गया।आपने 40 वर्ष के साधु जीवन में 9938 उपवास किए। आपने 88 दीक्षाए दी। जैन मंदिरों धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए 1105 दिनो तक अन्न आहार नही लिया। जिनवाणी के संरक्षण के लिए कुछ ग्रंथो को तांबे के पत्र पर अंकित कराया।आपकी आगम अनुरूप चर्या के कारण आपके दीक्षा गुरु श्री देवेन्द्र कीर्ति मुनिराज ने आपसे पुनः मुनि दीक्षा ली आपने गुरु को संयम व्रतो



में स्थिर किया। इस कारण आपको गुरुणा गुरु कहा जाता है। आपके साधु जीवन में अनेक अनेक उपसर्ग आए जिसमे सिंह, सर्प, मकोड़े, चींटी, मानव उपसर्ग अनेक हुए। रात्रि भर सिंह का सामने बैठना,3 घंटे से अधिक शरीर से सर्प का लिपटे रहना आदि अनेक प्रसंग उपदेश में बताए। आहार में भी अनेक बाधा श्रावको की भूल का भी उल्लेख किया। आचार्य श्री शांति सागर जी की समाधि सन 1955 में हुई। सन 2020 में आचार्य श्री शांति सागर जी की मुनि दीक्षा को 100 वर्ष पूर्ण होने पर दीक्षा स्थली यरनाल में मुनि दीक्षा




शताब्दी वर्ष आचार्य शिरोमणि श्री वर्धमान सागर जी सानिध्य में संपूर्ण देश में मनाया गया। पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने बताया कि सन 2024 में आचार्य पदारोहण को 100 वर्ष के उपलक्ष्य मे शताब्दी महोत्सव संपूर्ण जगत में उदयपुर के माध्यम से गौरवशाली परंपरा अनुसार मनाए जाने की प्रेरणा दी। राजेश पंचोलिया इंदौर वात्सलय भक्त परिवार से प्राप्त जानकारी।

संकलनः
अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी

# ब्यावर की बेटी कवयित्री सलोनी जैन भटेवरा ने शेमारू चैनल पर किया काव्य पाठ

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

**ब्यावर।** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, अगर आपके अंदर प्रतिभा है तो उसे अवसर मिलता ही है। ठीक इसी तरह ब्यावर राजस्थान की बिटिया कवयित्री सलोनी जैन भटेवरा ने प्रसिद्ध टी वी कलाकार, अभिनेता शैलेश लोढ़ा जी के शेमारू चैनल पर चल रहे चर्चित कार्यक्रम वाह भाई वाह में अपनी कविताओं की प्रस्तुति देकर ब्यावर राजस्थान का नाम रोशन किया है। प्रेस से चर्चा करते हुए सलोनी ने बताया उन्होंने इस कार्यक्रम में जाने के लिए बहुत मेहनत की। वे लगातार अपनी कविताओं का सृजन कर रही थी और अंततः 4 जून को उनके पास मुम्बई से खबर आई कि अगले दिन ही उन्हें शूटिंग के लिए मुम्बई पहुंचना है। वे आनन फानन मे मुम्बई के लिए निकली जहां 6 जून को नेशनल चैनल शेमारू चैनल के स्टूडियो पर शैलेश लोढ़ा के संचालन में उनकी प्रस्तुति हुई। जिसको 135 देशों के साथ पूरे हिंदुस्तान के श्रोता देख सकेंगे। इसके पूर्व भी सुश्री सलोनी भटेवरा हिंदुस्तान के कई काव्य मंचो पर प्रतिष्ठित कवियों के साथ काव्य पाठ कर चुकी हैं। सलोनी की माँ श्रीमति इंदु और पिता श्री पारस भटेवरा जी ने उनकी कविताओं के प्रति प्रेम देखकर उनका सदैव ही साथ दिया। वे अपनी आज सफलता का श्रेय अपने माँ पिता को देती हैं और कहती है कवि सम्मेलन के मंचो पर बढ़े कवियों की हौंसला अफजाई उनके आशीर्वाद से वे इस मुकाम तक पहुंची।



# मेवाड़ क्षेत्र की बीस हजार से अधिक मातृ शक्ति जाएंगी महाकाल दर्शन को

## भाजपा वल्लभनगर विधानसभा प्रभारी हिम्मत सिंह झाला कराएंगे निःशुल्क यात्रा




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल आमजन तक पहुंचाने के प्रयोजन से देश भर में जगह जगह अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसे में पहली बार उदयपुर जिले के वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र की 71 पंचायतों के 283 बूथ की 20 हजार से अधिक महिलाओं को आषाढ़ और श्रावण मास में प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग उज्जैन के महाकाल दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। यह आयोजन समाज सेवी और भाजपा वल्लभनगर विधानसभा प्रभारी हिम्मत सिंह झाला की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इसमें मातृ शक्ति को यात्रा के दौरान वाहन, आवास सहित भोजन की निशुल्क सुविधा रहेगी। बता दें, झाला पूर्व में भी अनेक अवसरों पर सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक आयोजनों में स्वैच्छिक भागीदारी निभा चुके हैं। आयोजन को लेकर शुक्रवार को प्रेसवार्ता में झाला ने बताया कि यह एक गैर राजनीतिक तीर्थ यात्रा है। इसमें विधानसभा क्षेत्र की महिला मुखिया की भागीदारी से परिवार में खुशी और समाज में आध्यात्मिक माहौल बनेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मेवाड़ क्षेत्र की मातृशक्तियों को महाकाल और पशुपतिनाथ के दर्शन करवाना है। गौरतलब है कि यात्रा का शुभारम्भ शनिवार शाम 6 बजे मेनार डाक बंगले से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी झंडी दिखाकर करेंगे। इस दौरान उदयपुर देहात जिला अध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, भींडर शहर मण्डल अध्यक्ष मुरली मनोहर तिवारी, कानोड़ मण्डल अध्यक्ष अनूप श्रीमाली, मेनार मण्डल अध्यक्ष विजय मेनारिया, भींडर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष पुष्कर जोशी, कुराबड़ प्रधान प्रतिनिधि देवीलाल मीणा, वल्लभनगर पंचायत समिति उपप्रधान रोशन मेहता, वल्लभनगर मण्डल प्रभारी शम्भू सिंह राणावत, पूर्व प्रधान जोगेंद्र पटेल, वल्लभनगर पंचायत समिति सदस्य रतनसिंह राठौड़, पंचायत समिति सदस्य भैरूलाल पटेल, फिला सरपंच नानालाल पटेल, पूर्व सरपंच वालाराम पटेल, सरपंच गणपत नाथ चौहान, हरीश पटेल, युगल किशोर श्रीमाली सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। रिपोर्ट: राकेश शर्मा 'राजदीप'

# जे एस जी नॉर्थ ने आश्रय केयर होम में बच्चो को भोजन कराया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सामाजिक कार्यों की श्रंखला मे जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ द्वारा ग्रुप कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद सुनीता पाटनी की शादी की सालगिरह के अवसर पर उनके सौजन्य से आश्रम केयर होम, निर्माण नगर में दिनांक 8 जून 2023 को पेसटीज, बर्गर एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरण किया गया। मुख्य समन्वयक सुनील सोगानी ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अभय गंगवाल, विशू तोष चांदवाड, रश्मि जैन ,अंजना गंगवाल, मुनिया सोगानी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# जैन धर्म के बारहवें तीर्थंकर वासुपूज्य भगवान का गर्भ कल्याणक मनाया



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर,पारसनाथ जैन मंदिर, चंद्रप्रभु नसिया, चंद्रपुरी तथा त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना, के जिनालयों में आज जैन धर्म के बारहवें तीर्थंकर वासुपूज्य भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने मीडिया को अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, तथा पूजा के दौरान भगवान वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य सामूहिक रूप से भक्ति भाव के चढ़ाया गया। कार्यक्रम में फागी जैन समाज के समाज के कपूरचंद नला, नारायण लाल सिंघल, मोहनलाल झंडा, भागचंद बजाज, केलास कासलीवाल प्रेमचंद कठमाणा, महेंद्र गोधा, सोभाग सिंघल,हरकचंद झंडा, पं संतोष बजाज, रमेश बजाज,महावीर बजाज, पदम बजाज,महावीर मोदी, राजेंद्र मोदी,माणक कासलीवाल, विनोद झंडा, कमलेश चोधरी, त्रिलोक पीपलू तथा राजाबाबु गोधा सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।



# जनकपुरी में वासुपूज्य का गर्भ व विमल नाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में शुक्रवार 9 जून को भगवान के श्री चरणों में अपने समस्त दुखों की निर्वृत्ति हेतु अर्थात निर्वाण की भावना के साथ तीर्थंकर भगवान विमलनाथ के मोक्ष कल्याणक के साथ भगवान वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक भक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि भगवान विमलनाथ जैन धर्म के वर्तमान अवसर्पिणी काल के तेरहवें तीर्थंकर हैं इनका वंश इक्ष्वाकु तथा पिता कृतवर्मन माता श्यामा थे। विमलनाथ का चिन्ह सुअर जन्म स्थान काम्पिल मोक्ष स्थान सम्मेद शिखर है । सुबह अभिषेक शान्ति धारा के बाद बारहवें तीर्थंकर वासुपूज्य व तेरहवें तीर्थंकर विमल नाथ की पूजन करके उपस्थित श्रेष्ठी गणों ने आचार्य मानुतुंग रचित गाथा का पाठ किया तथा सभी ने निर्वाण काण्ड का वाचन कर निर्वाण अर्घ बोलते हुए जयकारों के मध्य विमल नाथ के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया तथा मोक्ष कल्याण को सामान्य विषेषात्मक दिवस के रूप में व्याख्या करते हुए मनाया।



## रविवार, 11 जून को प्रात: 7 बजे से करेंगे सांवला जी जैन मंदिर आमेर में जिन प्रतिमाओ का परिमार्जन

### प्रातः 6 बजे से होगा अभिषेक शांतिधारा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**। श्री आदिनाथ मित्र मंडल सांगानेर व दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा रविवार, 11 जून को प्रातः 6 बजे से सांवला जी जैन मंदिर आमेर में प्रतिमाओ का परिमार्जन किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष सुनील जैन व मंत्री राजेंद्र बाकलीवाल ने बताया कि प्रातः 5.30 बजे मानसरोवर से रवाना होकर 6.15 बजे आमेर स्थित सांवला जी जैन मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा होगी। सन्मति ग्रुप के अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि प्रातः 7.00 बजे से सांवला जी में विराजित सभी जिन प्रतिमाओं का परिमार्जन किया जायेगा। कोषाध्यक्ष मुकेश जैन व सयोजक अशोक सेठी के अनुसार 10 बजे अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।



# डॉ. मेघा दुबई में विश्व वूमन लीडर फोरम द्वारा हुईं सम्मानित




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** लेकसिटी की होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. मेघा जैन द्वारा मानव सेवा और रक्षार्थ प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) के लिए किए कार्यों के लिए विश्व वूमन लीडर फोरम की ओर से दुबई में सम्मानित किया गया। इसके अलावा डॉ. प्रीत जैन को दंत चिकित्सा क्षेत्र में अरावली इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नीकल स्टडीज द्वारा मेवाड़ साइंटिस्ट अवॉर्ड से नवाजा गया। बता दें, डॉ. मेघा ने खास तौर पर कोरोना काल में डरे/सहमे आमजन को आगे बढ़कर निस्वार्थ भाव से चिकित्सा संबंधी और मनोवैज्ञानिक परामर्श सहित वक्त जरूरत आवश्यक सेवा प्रकल्प भी दिए। वे वर्तमान में सेक्टर 11 स्थित सेवा हॉस्पिटल में होम्योपैथिक विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कर रही हैं। विगत वर्षों में डॉ. मेघा ने होम्योपैथी चिकित्सा के माध्यम से एलर्जी, गठिया, माहवारी संबंधित जटिल समस्याओं को काबू करने और जड़ से मिटाने में सफलता पाई है। मेडिकल क्षेत्र में मिले सम्मान को शहरवासियों संग साझा करने के प्रयोजन से आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ. आर के जैन ने बताया कि सेवा हॉस्पिटल ने हाल ही में अपनी स्थापना के 22 वर्ष पूर्ण किए हैं। उन्होंने इस हॉस्पिटल की टीम द्वारा रोगों से बचाव के लिए किए उल्लेखनीय कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत किया। डॉ.आर के जैन ने बताया कि पिछले कई वर्षों तक सउदी अरब में दन्त चिकित्सा के शिक्षा क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर चुके डॉ. प्रीत जैन व डॉ मीतू जैन भी इस हॉस्पिटल से जुड़कर सेवायें दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेवा हॉस्पिटल में शीघ्र ही फुल बॉडी टेस्ट नियमित रूप से आयोजित शिविर के माध्यम से प्रत्येक दो माह में किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत बीएमडी, फाइबर स्केन, न्यूरोपैथी डीटेक्शन, स्पाइरोमेट्री लीवर प्रोफाइल, लीवर फाइब्रोस्कैन, किडनी प्रोफाइल, थायराइड प्रोफाइल, विटामिन डी. तथा विटामिन बी -12, किडनी प्रोफाईल जैसे टेस्ट शामिल होंगे। बाद में इस अवसर पर लाभान्वित कुछ रोगियों ने पत्रकारों के सम्मुख चिकित्सा के अपने सकारात्मक अनुभव भी साझा किए।

**रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# भगवान विमल नाथ जी के मोक्ष कल्याणक दिवस पर निर्वाण लाडू चढ़ाया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा में आज आषाढ़ कृष्णा छठ शुक्रवार दिनांक 09.06.2023 भगवान विमल नाथ जी के मोक्ष कल्याणक दिवस पर अभिषेक शांतिधारा की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चन्द जैन चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र कुमार जैन काला ने बताया कि अभिषेक शांतिधारा के पश्चात भगवान विमलनाथ जी के मोक्ष कल्याणक दिवस पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से निर्वाण लाडू चढ़ाया।



# हीरा पथ मानसरोवर में आज भगवान 1008 श्री विमल नाथ जी का मोक्ष कल्याणक मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर हीरा पथ मानसरोवर जयपुर में आज भगवान 1008 श्री विमल नाथ जी के मोक्ष कल्याणक निर्वाण महोत्सव पर निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य ब्रह्मचारी डी आर जैन परिवार ने प्राप्त किया। इस मांगलिक अवसर पर सुभाष चंद जैन, शांति कुमार, देवेंद्र, पवन नरेश, पंकज जी एवम समाज के श्रेष्ठीगण उपस्थित रहे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# श्री दिगंबर जैन मंदिर नसियां कीर्तिस्तम्भ में निर्वाण लाडू चढ़ाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन मंदिर नसियां कीर्तिस्तम्भ,(थम्म की नसियां)खोर दरवाजा- आमेर, जयपुर मे 13वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्रीविमलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।इस शुभ अवसर पर मूलनायक 1008श्री विमलनाथ भगवान जी का अभिषेक तथा शांति धारा के उपरांत पूजा अर्चना के साथ निर्वाणकाण्ड भाषा बोलकर मोक्षकल्याणक का निर्वाण लाडू व अर्घ चढ़ाये गये।कार्यक्रम में नेमीनाथ साँवलाजी (आमेर)ट्रस्ट एवं अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के मानद् मंत्री महेंद्र कुमार जैन पाटनी, पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य एन.के.सेठी, सदस्य प्रदीप कुमार जैन, क्षेत्र के अन्य मन्दिरान-समिति के सदस्य योगेश टोडरका, प्रदीप ठोलिया,डा. राजेन्द्र कुमार जैन , राजेश बड़जात्या, सुरेन्द्र मोदी, संजय जैन, दिनेश जैन एवं अन्य साधर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कीर्तिस्तम्भ नसियाँ के प्रबंधकर्ता, प्रबन्ध कारिणी कमेटी दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी है।



# भारतीय जैन संघटना के गुजरात प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ रविवार 11 जून को

**सूरत. शाबाश इंडिया**

सेवाभावी संस्था भारतीय जैन संघटना के गुजरात प्रदेश कार्यालय का शुभारम्भ रविवार 11 जून को शाम 5 बजे डुमस रोड़ स्थित 211 इंटरनेशनल बिजनेश सेंटर में होगा। जानकारी देते हुए बी जे एस गुजरात के सेक्रेटरी संजय जैन चावत ने बताया कि कार्यालय के शुभारम्भ पर बी जे एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र लुंकड़, महासचिव राजकुमार फत्तावत, स्मार्ट गर्ल की राष्ट्रीय प्रभारी डॉ हर्षिता जैन, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जैन व सूरत शाखा अध्यक्ष अजय अजमेरा उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि बी जे एस की गुजरात मे सूरत, वापी, अंकलेश्वर, बरोड़ा, अहमदाबाद, गांधीनगर, भुज, जामनगर, भावनगर, सुरेन्द्र नगर, दाहोद आदि शहरों में शाखाएं है व जल सरंक्षण व संवर्धन तथा स्मार्ट गर्ल व मूल्यवर्धन शिक्षा के अलावा चिकित्सा आदि क्षेत्र में सेवा कार्य किए जाते हैं। स्मार्ट गर्ल प्रॉजेक्ट द्वारा सूरत सहित सम्पूर्ण गुजरात मे तकरीबन 23 हजार लड़कियों को सशक्त किया गया हैं। सूरत शाखा के सचिव रौनक कांकरिया ने बताया कि सूरत शाखा द्वारा दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर, युवक युवती परिचय सम्मेलन, दाम्पत्य सामंजस्य सेमिनार, तथा कोरोना काल मे ऑक्सीजन कॉन्स्ट्रेटर मशीन उपलब्ध कराई गई।

# मंत्र के सही उच्चारण से ही फल प्राप्त होता है : मुनी ऊर्जयंत सागर जी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर तिलक नगर में उपाध्याय श्री 108 उर्जयंत सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में बताया की मंत्रों का सही उच्चारण करने से ही फल प्राप्त होता है। मुनि श्री ने कहा कि गलत तरीके से पैसा कमा कर धार्मिक कार्यों में खर्च करने से पुण्य की प्राप्ति नहीं होती है, पैसा न्यायोचित तरीके से ही कमाया जाना चाहिए और उसे प्राणियों के हित में उपयोग करना चाहिए यही सच्चा धर्म है। समाजसेवी शिखर चंद बैराठी ने महाराज श्री की गुरु भक्ति की एवं प्रवचन के लिए अनुरोध किया। दिगंबर जैन समिति तिलक नगर के अध्यक्ष ऋषभ सेठी ने महाराज के उपदेशों का जीवन में उतारने की अपील की। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रावक श्राविकाओं की धार्मिक सभा का संचालन महेंद्र बैराठी ने किया।



# राजस्थान फार्मेसी काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**जयपुर. कंचन केसरी**

राजस्थान फार्मेसी काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना तथा मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने राज्य सरकार की ओर से राजस्थान फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार नवीन संघी को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य मनोनित करने पर भी मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर राजस्थान फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष महावीर सौगानी, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल तथा रजिस्ट्रार नवीन संघी सहित राजस्थान फार्मेसी काउंसिल एवं जयपुर कैमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे। वहीं महावीर जी कमेटी के मानद मंत्री महेंद्र पाटनी, समाचार जगत के संपादक शेलेंद्र गोधा, अशोक जैन नेता, राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद पांड्या, राजस्थान तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार कोठ्यारी, सुनील बक्शी, राकेश छाबड़ा, मनीष बेद, कमल बाबू जैन, जे के जैन कालाडेरा, विनोद कोटखावदा, शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका, डी एम जैन, राजेश बडजात्या, सुधीर गोदिका आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# स्व. गुरुशरण छाबड़ा जनजागृति महाअभियान की शुरूआत : पूनम अंकुर छाबड़ा




**सावरदा/जयपुर. शाबाश इंडिया।** सूरतगढ़ के पूर्व विधायक एवं हमारे आदर्श शराब व नशे को जड़ से खत्म करने को लेकर जन आंदोलन के दौरान अपने प्राण न्योछावर करने वाले हुतात्मा गुरुशरण छाबड़ा जी की 74वीं जन्मोत्सव पर ग्राम सावरदा के ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शराबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम अंकुर छाबड़ा के आतिथ्य में मनाया गया। भादुका सेवा संस्थान द्वारा नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूनम छाबड़ा ने गुरुशरण छाबड़ा जी की जीवनी के बारे में बताते हुए उपस्थित लोगों को नशा छोड़ने का प्रण दिलवाया। पूनम ने बताया आज हमारे आदर्श छाबड़ा साहब की 74वीं जयंती के उपलक्ष्य में जस्टिस फॉर छाबड़ा जी संगठन आज से स्व. गुरुशरण छाबड़ा जनजागृति महाअभियान की शुरूआत की है जिसमें उनकी पुण्यतिथि तक 100 कार्यक्रम कर एक नशामुक्ति का महासम्मेलन किया जायेगा। इस मौके पर मौजमाबाद प्रधान उगन्ता सुकरिया, सामाजिक कार्यकर्ता रामकिशोर सैनी, सरपंच ममता-सोनू बलाई, भादुका सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भादूका, मुकेश कुमार सामोता सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद रहे।